पंचदश बिहार विधान सभा

द्वादश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-03

मंगलवार, दिनांक-18 फरवरी, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.15 बजे अपराह्न तक ।

''सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही भाजपा के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों के लेकर अपनी सीट से खड़े होकर नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए और लगातार नारेबाजी करते रहे । आसन द्वारा उनसे बार-बार अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और जो भी बात कहनी है उसे अपनी सीट पर जाकर कहें । लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्यवाही 12.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

स्थगनोपरांत

12.30 बजे अप० से 12.50 बजे अप० तक

[1] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) माननीय प्रभारी मंत्री भवन निर्माण विभाग श्री दामोदर रावत द्वारा बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड का वर्ष 2008-2009, 2009-2010, 2010-2011 एवं 2011-12 का वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रतियों को सदन पटल पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा विशेषाधिकार समिति का तृतीय प्रतिवेदन की एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[2] कार्यस्थगन की सूचना :-

माननीय सदस्य श्री विनोद नारायण झा एवं श्री अश्विनी कुमार चौबे से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन से की गई ।

''आसन से घोषणा की गई कि आज दिनांक 18.02.2014 को 01.30 बजे अप० में उनके कार्यालय कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी ।''

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्री कन्हैया कुमार
(iii) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(iv) श्री प्रदीप कुमार
(v) श्री राजेश्वर राज
(vi) श्री तारकिशोर प्रसाद
(vii) श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह
(viii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ix) डा० दाउद अली
(x) श्री राम नरेश प्रसाद यादव
(xi) डा० इजहार अहमद
(xii) श्री ललन राम

[4] **ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री अश्विनी कुमार चौबे एवं अन्य सभासदों का गृह (विशेष) विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए समय लिया गया ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 4.20 बजे अप० तक ।

[5] **महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद-विवाद (दिनांक 17.02.14 से जारी) :-**

दिनांक 17.02.2014 से जारी वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्रीमती उषा विद्यार्थी
(ii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(iii) श्री सदानन्द सिंह
(iv) श्री दिलीप वर्मा
(v) श्री विनय बिहारी
(vi) श्रीमती ज्योति रश्मि
(vii) श्री कन्हैया कुमार

सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर राजद एवं कुछ समय उपरांत भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

''(सदन की सहमति से आज के लिए सूचीबद्ध कार्यों के निस्तारण तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।)''

सदन द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रस्तुत संशोधनों का प्रस्ताव अस्वीकृत किया गया तथा धन्यवाद का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[6] **कार्यमंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-**

आज दिनांक 18.02.2014 को सम्पन्न हुई कार्यमंत्रणा समिति के प्रतिवेदन पर सदन की सहमति हुई ।

[7] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 26 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक बुधवार दिनांक 19 फरवरी 2014 को 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-18.02.2014

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।